Title: Regarding visit of the Pope John Paul-II to India.

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Rawale speaks.

(Interruptions) *
----

* Not Recorded

श्री मोहन रावले : अध्यक्ष महोदय, दो दिन पहले यहां इस मामले में बहस हुई है। पोप जौन पॉल हिंदुस्तान आ रहे हैं और हमारी सरकार उनका स्वागत कर रही है। ... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, ईसाई धर्म गुरू भारत आ रहे हैं। इस संबंध में दो दिन पहले यहां बहस हुई और हमारी सरकार की ओर से बताया गया कि पोप जॉन पॉल हिन्दुस्तान आ रहे हैं उनका स्वागत सरकारी तौर पर किया जाएगा। पोप जॉन पॉल का स्वागत हमारी सरकार रैड कारपैट डालकर कर रही है। अमरीका के प्रैसीडेंट श्री बिल क्लिंटन भी भारत आने वाले हैं। हमारे भारत मूल के अमरीकी निवासी आठ दिन बाद अमरीका में दीपावली मनाने जा रहे हैं। एक इंटरनैशनल सदर्न बैपटिस्ट प्रोटैस्टेंट चर्च है श्री बिल क्लिंटन हैं, पूर्व प्रैसीडेंट जिमी कार्टर और रॉक फैलर आदि सभी उसके मैम्बर हैं। उन्होंने ४० हजार पुस्तिकाएं निकाली हैं जिनमें हिन्दू धर्म के बारे में बहुत गलत लिखा हुआ है। उसके आधार पर वे कह रहे हैं कि हिन्दू धर्म ठीक नहीं है, इसलिए हिन्दुओं को ईसाई धर्म स्वीकार कर लेना चाहिए। इस बारे में एक समाचार आज 'वाशिंगटन पोस्ट' में प्रकाशित किया गया है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि वे पश्चिमी राष्ट्र भारत में भी धर्मान्तरण करते हैं और पश्चिम में भी करते हैं। आज हमारी सरकार पोप जॉन पॉल का स्वागत करने जा रही है। ... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please be very brief.

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल बहुत महत्वपूर्ण और मैं एक गंभीर मामले की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और पूछना चाहता हूं कि क्या हमारी सरकार उनके सरकारी स्वागत को रोकने वाली है या नहीं,

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please take your seat. Now, let us take up Matters under Rule 377.

(Interruptions) *

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) *

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Rawale, please take your seat, you have expressed your opinion.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Rawale, please take your seat. Nothing will go on record except Shri Ashok Pradhan""s statement.

(Interruptions) *

* Not Recorded.